# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (05.02.2025)**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 05.02.2025, PAGE-04

# कन्या उत्थान पोर्टल पर 1.38 लाख छात्राओं का डाटा अपलोड

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले तीन सत्रों में स्नातक उत्तीर्ण हो चुकी करीब 1.38 लाख छात्राओं का रिकार्ड कन्या उत्थान पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के स्तर से स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं का रिकार्ड पोर्टल पर अपलोड करने की तिथि 31 जनवरी तक ही निर्धारित की गई थी। बावजूद इसके अब भी छात्राएं आवेदन लेकर पोर्टल पर नाम जोड़ने के लिए पहुंच रही हैं।

छात्राओं का कहना है कि रिजल्ट पेंडिंग होने के कारण उनका नाम अब तक नहीं जोड़ा जा सका है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय का कहना है कि तिथि विस्तारित करने के लिए अब तक विभाग की ओर से कोई गाइडलाइन नहीं जारी की गई है।

### 31 जनवरी तक ही अंतिम तिथि फिर भी आ रहे आवेदन



रिकार्ड अपलोड करने की आखिरी तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित थी। पेंडिंग रिजल्ट क्लियर नहीं होने के कारण छात्राओं का रिकार्ड परीक्षा विभाग में उपलब्ध नहीं है। इस कारण उनका नाम डाटा में नहीं जोड़ा गया है। दूसरी ओर कई छात्राओं ने पिछले दिनों अपना पेंडिंग रिजल्ट क्लियर कराया है। उनका भी रिकार्ड विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध नहीं है। ऐसी छात्राएं अब भी अपना आवेदन लेकर पहुंच रही हैं।

### आज से सात तक दूसरी पाली में पीजी की परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मे पीजी फोर्थ सेमेस्टर की बुधवार से शुक्रवार तक केवल दूसरी पाली में ही परीक्षा होगी। परीक्षा एक से चार बजे तक होगी। अब डीडीई सभागार के साथ-साथ परीक्षा भवन को भी केंद्र बनाया गया है। ग्रुप ए, सी और ई वाले विषयों के छात्रों के लिए दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को केंद्र बनाया गया है। वहीं ग्रुप बी, डी और एफ वाले विषयों की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है। इसकी जानकारी सभी पीजी विभागों के साथ-साथ संबंधित कालेजों को भी दे दी गई है।

## पीजी में नामांकन के लिए पहले जारी होगा कटआफ

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में होने वाले नामांकन में पारदर्शिता बरतने के लिए विश्वविद्यालय स्तर से पहले विभिन्न विषयों में कटआफ जारी करने की तैयारी है। इसे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। इसके बाद ही पीजी के विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी की जाएगी।

कटआफ में कोटिवार किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए यह व्यवस्था अपनाई जा रही है। कटआफ की जांच होने के बाद ही इसको पोर्टल पर डाले जाने की तैयारी है। सबकुछ ठीक रहा तो दो

### 2 दिनों में जारी होगी पहली मेधा सूची, आवेदन के लिए एक बार फिर खुल सकता पोर्टल

नामांकन में पारदर्शिता बरतने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर पहले विभिन्न विषयों में कटआफ जारी करने की तैयारी

दिनों में पीजी में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पहली मेधा सूची जारी की जाएगी। उम्मीद है कि सोमवार से कालेजों और पीजी विभागों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि इस सत्र से पीजी विभागों में नामांकन में छात्राओं को अधिक प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं छात्रों का उनके गृह जिला या निकटतम कालेजों में नामांकन कराया जाएगा। इससे कक्षाओं में उपस्थिति बढ़ेगी। दूसरी ओर पीजी में नामांकन को लेकर आनलाइन आवेदन के लिए एक बार और पोर्टल को खोला जा सकता है। इसकी अब तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। स्पेशल पार्ट वन और टीडीसी पार्ट थर्ड का रिजल्ट क्लियर नहीं होने से अब भी सैकड़ों छात्र आवेदन प्रक्रिया से वंचित हैं। करीब 11 हजार सीटों पर नामांकन के लिए 25 हजार से अधिक आवेदन आए हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARUPR
DATE:05.02.2025, PAGE-04

# पीजी 22-24 के फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा आज से, दो केंद्र बनाये गये

- दो केंद्रों पर जेनरिक इलेक्टिव का पेपर होगा
- कार्यक्रम संशोधित, एक शिफ्ट मे किया गया

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

पीजी सत्र 2022-24 के फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा बुधवार से होगी. बीआरएबीयू के परीक्षा विभाग की ओर से पिछले दिनों कार्यक्रम में संशोधन किया गया. सेकेंड शिफ्ट में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक परीक्षा होगी. इस सत्र के मुख्य विषयों की परीक्षा खत्म हो गयी है. अब जीइ यानी जेनरिक इलेक्टिव का पेपर होना है. पहले जीइ के लिए भी दो शिफ्ट में कार्यक्रम तय था. इसे संशोधित करके एक शिफ्ट में किया गया है. वहीं दो केंद्र बनाए गए हैं. 5 से 7 फरवरी तक पहली पाली में होने वाली सभी परीक्षाओं को दूसरी पाली में शिफ्ट कर दिया गया है. साथ ही परीक्षा के लिए केंद्र भी दो कर दिए गये हैं. अब डीडीइ सभागार के साथ-साथ परीक्षा भवन को भी केंद्र बनाया गया है.

## ग्रुप के अनुसार इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

ग्रुप ए मे कॉमर्स, बॉटनी, मनोविज्ञान, मैथिली, ग्रुप बी मे राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, रसायनशास्त्र, दर्शनशास्त्र, ग्रुप सी मे जूलॉजी, होम साइंस, अंग्रेजी, रसायनशास्त्र, दर्शनशास्त्र, ग्रुप डी मे इतिहास, पर्शियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रुप ई मे बंगाली, भूगोल, संगीत और गणित, ग्रुप एफ मे समाजशास्त्र, संस्कृति, हिंदी और अर्थशास्त्र शामिल है . ग्रुप ए, सी और इ वाले विषयो के छात्रों के लिए दूरस्थ शिक्षा निदेशालय को केंद्र बनाया गया है . वहीं ग्रुप बी, डी और एफ वाले विषयों की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है . इसकी जानकारी सभी पीजी विभागों के साथ-साथ संबंधित कॉलेजों को भी दे दी गयी है .

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................**　　　　**Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 05.02.2025, PAGE-04

# पोर्टल बंद, रिजल्ट पेंडिंग से डाटा अपलोड नहीं

## छात्राएं परेशान

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के नये पोर्टल पर अब भी सैकड़ों छात्राओं का नाम नहीं दिख रहा है. रिजल्ट पेंडिंग होने या अन्य कारणों से डाटा अपलोड नहीं हो सका है.ऐसे में उन्हें विश्वविद्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है. जिन छात्राओं का रिजल्ट पेंडिंग है, पोर्टल बंद होने से उनकी चिंता बढ़ गयी है. मंगलवार को कई छात्राएं विश्वविद्यालय पहुंची थीं. दूसरी ओर विभाग की ओर से 31 जनवरी तक ही पोर्टल खोला गया था.



मामले में अधिकारियों का कहना है कि कई विश्वविद्यालयों से समय बढ़ाने का अनुरोध उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजा गया, लेकिन अब तक आदेश नहीं आया है. रिकॉर्ड के तहत बीआरएबीयू से चार सत्रों में स्नातक उत्तीर्ण 1.38 लाख छात्राओं का डाटा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लिए नये पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है. जिसमें सत्र 2018-21 से 2021-24 तक की छात्राएं हैं. करीब सालभर बाद दिसंबर में पोर्टल खोला गया. उच्च शिक्षा निदेशालय ने कहा था कि नवंबर 2024 तक विश्वविद्यालय की ओर से जारी रिजल्ट के आधार पर उत्तीर्ण छात्राओं का नाम पोर्टल पर अपलोड करें. बीआरएबीयू में सत्र 2018-21, 2019-22 व 2020-23 का रिजल्ट ही इस अवधि में जारी हुआ था. इसके बाद समय बढ़ाकर 31 जनवरी तक किया गया. सत्र 2021-24 का रिजल्ट दिसंबर में जारी हो गया, लेकिन मार्कशीट का सीरियल नंबर नहीं होने से पोर्टल पर डाटा अपलोड करने में तकनीकी दिक्कत आ रही थी. हालांकि विश्वविद्यालय स्तर पर इस समस्या का भी हल निकाला गया.

## पीजी कोर्स में नामांकन को कटऑफ जारी करने की तैयारी

**मुजफ्फरपुर** पीजी कोर्स मे होने वाले नामांकन मे पारदर्शिता बरतने के लिए विश्वविद्यालय स्तर से पहले विभिन्न विषयों मे कटआफ जारी करने की तैयारी है. इसे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भी अपलोड किया जायेगा. इसके बाद ही पीजी के विभिन्न कोर्स मे नामांकन के लिए पहली मेधा सुची जारी की जायेगी. कटऑफ मे कोटिवार किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए यह व्यवस्था अपनायी गयी है. कटऑफ की जांच होने के बाद ही इसको पोर्टल पर डाले जाने की तैयारी है. उम्मीद जतायी जा रही है कि दो दिनो मे पीजी मे नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पहली मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी. वहीं सोमवार से कालेजों और पीजी विभागों मे नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है.

□ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन कर ले.